पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 373/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-24.12.2024

आजमगढ़ पुलिस ने सन् 1975 में जनपद मुरादाबाद से गुमशुदा हुई 08 वर्षीय बच्ची को 49 वर्ष बाद परिजनों से मिलाया।

हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर अपहृत/गुमशुदा लोंगों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश के क्रम में आज दिनांक- 24.12.2024 को सन् 1975 में जनपद आजमगढ़ के रौनापार थाना क्षेत्र के रहने वाली एक 08 वर्षीय बच्ची जो जनपद मुरादाबाद के मेले से गुम हुई थी जिन्हें 49 वर्ष बाद उनके परिजनों से मिलाया गया हैं।

गुमशुदा की बरामदगी के संबंध में विवरणः-

- दिनांक 19.12.2024 को डा0 पूजा रानी प्राथमिक विद्यालय पजावा बिलासपुर जनपद रामपुर द्वारा जनपद आजमगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शैलेन्द्र लाल से सम्पर्क करके सूचना दी गयी कि एक महिला फूला देवी/फूलमती उम्र करीब 57 वर्ष जो 49 वर्ष पूर्व सन 1975 में जब वह 08 वर्ष की थी अपनी माँ श्यामादेई के साथ जनपद मुरादाबाद गयी थी, वहीं पर जनपद मुरादाबाद बाजार में एक बूढे व्यक्ति द्वारा पीडिता को लालच देकर अपने साथ लेकर चला गया, जहाँ उसने पीडिता को कुछ दिन अपने साथ रखा गया फिर पीडिता को एक व्यक्ति लालता प्रसाद गंगवार निवासी ग्राम रायपुर थाना भोंट जनपद रामपुर के हाथों बेच दिया। जहाँ लालता प्रसाद द्वारा पीडिता से शादी की गयी जिनसे इनके एक पुत्र सोमपाल पुत्र स्व0 लालता प्रसाद उम्र करीब 34 वर्ष है। पीडिता अपना परिवार तलाश रही है और आजमगढ़ की बता रही है।
- उक्त सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शैलेद्र लाल द्वारा बताये गये स्थान के बारे में जनपद के अलग अलग थानों से सूचना ली गयी तथा टीम का गठन करके आसपास के जनपदों में तलाश कराया गया। गठित टीम द्वारा जनपद रामपुर जाकर पीडिता को जनपद में लाया गया पीडिता द्वारा पूँछताछ में बताया गया कि उसके मामा का नाम रामचन्दर है जो चूँटीदार में रहते हैं जिनके घर के आंगन में एक कुँआ हैं। पीडिता द्वारा पुलिस को दी गयी जानकारी के आधार पर चूँटीदार गाँव व इससे मिलते-जुलते नाम आजमगढ़ व आजमगढ़ के आस-पास के जिलों में तलाश किया गया तो पाया गया कि चूँटीदार गांव जनपद मऊ के दोहरीघाट थाने में हैं। पुलिस द्वारा पीडिता द्वारा बताये गये स्थान के बारे में और अधिक जानकारी/खोजबीन करते हुए पीडिता के मामा के घर पर पहुँचा गया जहाँ पीडिता के 03 मामा में से एक मामा रामहित पुत्र पाँचू अभी जिंदा हैं जिनके द्वारा पीडिता के गुमशुदी की पुष्टि करते हुए बताया गया कि पीडिता का एक भाई भी है जिसका नाम लालधर पुत्र स्व0 विक्रम है जो जनपद आजमगढ़ के थाना रौनापार क्षेत्रांर्गत ग्राम वेदपुर में रहता है। पीडिता के भाई से इस बात को पूँछने पर उसके द्वारा पीडिता के गुमशुदा होने की बात को स्वीकारा गया। पीडिता को उसके परिवार वालों से मिलाया गया जिससे पीडिता व उसके परिवार वालों के चेहरे पर खुशी की लहर है।

बरामद महिला का विवरणः-

01. फूला देवी/फूलवती पत्नी लालता प्रसाद निवासी रायपुर थाना भोट जनपद रामपुर

बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 जाफर खान चौकी प्रभारी लाटघाट थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़।
2. का0 धनंजय राय थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़।